# ‘समृद्धि’ : बी.डी.एम. इंटरनेशनल का हीरक जयंती समारोह

■ छपते छपते समाचार सेवा



कोलकाता, 7 मई। बी.डी.एम. इंटरनेशनल ने अपने स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'समृद्धि : 60 इयर्स ऑफ़ एक्सीलेंस' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। 'इकोस ऑफ टैगोर' की थीम पर आधारित यह समारोह सांस्कृतिक गरिमा, साहित्यिक सौंदर्य तथा शैक्षिक उत्कृष्टता का अद्भुत संगम था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुतापा तालुकदार थीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवि, गीतकार एवं स्तंभकार श्री तन्मय चक्रवर्ती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मधुमिता सेनगुप्ता के संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यालय की छह दशकों की गौरवपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः व्यक्त किया। सी. ई. ओ. एस. एल गुप्ता जी ने विगत 3 वर्षों में दो राष्ट्रीय टॉपर देने के लिए प्रिंसिपल के साथ-साथ शिक्षक वृंदऔर अभिभावकों का धन्यवाद दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 'ऋतुचक्र' कार्यक्रम में श्री इंद्रजीत बसु की मधुर बांसुरी वादन तथा तबला कलाकार श्री सोहन घोष की संगत ने वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं पूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'जूता आविष्कार' नाटक ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

'वॉइस ऑफ़ हार्मनी' तथा 'रबी किरण' जैसी प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और पूर्व विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संगीत और कला के माध्यम से गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन भव्य 'जुगलबंदी' प्रस्तुति से हुआ, जिसने पीढ़ियों के बीच कला और संस्कृति की निरंतरता को दर्शाया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।